प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 30 जनवरी, 2014

- लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीराकुमार 31 जनवरी को सायं रायपुर पहुंचेंगी

–छत्तीसगढ विधानसभा सचिवालय में दिनांक 01 एवं 02 फरवरी 2014 को मान. सदस्यों के लिए आयोजित दो द्विवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मान. सदस्यों को संबोधित करने हेतू लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीराकुमार 31 जनवरी को सायं 5.55 बजे उडान संख्या 9 W–725 से रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुॅचेगीं । विमानतल पर श्रीमती मीराकुमार का स्वागत विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, संसदीय कार्यमंत्री श्री अजय चन्द्राकर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष श्री टी.एस.सिंहदेव अन्य वरिष्ठ विधायक एवं प्रमुख सचिव विधानसभा श्री देवेन्द्र वर्मा करेगें ।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री अरूण जेटली दिनांक 01 फरवरी को प्रातः 9.30 बजे दिल्ली से निजी विमान से रवाना होकर पूर्वान्हः 11. 30 बजे रायपुर पहुॅचेगें । श्री अरूण जेटली मान. सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में मान. सदस्यों को सम्बोधित करेगें व अपरान्ह् नई दिल्ली के लिये प्रस्थान करेगें ।

लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीराकुमार राजभवन में रात्रि विश्राम करेगीं । वे दिनांक 01 फरवरी को पूर्वान्हः 11.00 बजे विधानसभा सचिवालय में मान. सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सम्मिलित होगीं । कार्यक्रम के पश्चात् श्रीमती मीराकुमार अपरान्हः 1.00 बजे राजकीय विमान से रायपुर से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगीं ।

उल्लेखनीय है कि प्रबोधन कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता श्री रविशंकर प्रसाद, दिनांक 02 फरवरी को प्रातः नई दिल्ली से रायपुर एयरपोर्ट पहुॅचेगें, म. प्र. के विधानसभा अध्यक्ष श्री सीताशरण शर्मा एवं पूर्व सांसद श्री विक्रम वर्मा भी दिनांक 02 फरवरी को प्रातः प्रबोधन कार्यक्रम में मान. सदस्यों को संबोधित करने हेतू रेल मार्ग से रायपुर पहुॅच रहे हैं ।